# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:20 MAY 2026

# एमसीयू के सहायक प्राध्यापक ने बनाया मोबाइल एप 'मास्टर प्रिंटपैक'

- देश का पहला विशिष्ट शैक्षणिक प्रिंटिंग और पैकेजिंग ऐप

स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी (एनएमटी) विभाग के नाम एक और शैक्षणिक उपलब्धि जुड़ गई है। विभाग के सहायक प्राध्यापक अभिषेक पांडेय द्वारा इन-हाउस विकसित किया गया विशेष शैक्षणिक मोबाइल एप्लिकेशन 'मास्टर प्रिंटपैक' आधिकारिक तौर पर गूगल प्ले स्टोर पर लाइव हो गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन, कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी और विभागाध्यक्ष डॉ. पी. शशिकला के मार्गदर्शन में तैयार इस ऐप को इंटरनेशनल एज रेटिंग कोएलिशन द्वारा भी प्रमाणित कर दिया गया है। यह मोबाइल एप्लिकेशन प्रिंटिंग और पैकेजिंग तकनीक के लिए अनूठा डिजिटल प्लेटफॉर्म है।



## क्या खास है इस ऐप में

- 401 विशेषज्ञ-क्यूरेटेड एमसीक्यू : ऐप में प्रिंटिंग तकनीक, स्पेक्ट्रोडेन्सिटोमेट्री, पैकेजिंग रीडिजाइन और औद्योगिक मानकों पर आधारित 401 चुनिंदा वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का डेटाबेस शामिल है, जो रैंडम शफलिंग लॉजिक के साथ काम करता है।
- लाइव ग्लोबल लीडरबोर्ड : विद्यार्थी अपनी तकनीकी दक्षता को परखने के लिए रीयल-टाइम में एक-दूसरे के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।
- डेटा सुरक्षा और प्राइवेसी : सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए इसमें विद्यार्थियों की ईमेल आईडी को पूरी तरह सुरक्षित रखकर केवल डिस्प्ले नेम प्रदर्शित करने की आधुनिक व्यवस्था है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH'20 MAY.2026

# मोबाइल एप पर होगी प्रिंटिंग-पैकेजिंग की पढ़ाई, MCU के प्राध्यापक ने बनाया एप

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

प्रिंटिंग और पैकेजिंग की पढ़ाई करने वालों को अब तकनीकी तैयारी के लिए अलग-अलग माध्यमों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। वे एक ही मोबाइल एप के जरिए प्रश्न हल कर सकेंगे, अपनी तकनीकी समझ जांच सकेंगे और देशभर के विद्यार्थियों के बीच रैंकिंग भी देख पाएंगे। राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के सहायक प्राध्यापक अभिषेक पाण्डेय ने मास्टर प्रिंटपैक नाम से विशेष प्रिंटिंग और पैकेजिंग एप तैयार किया है। दावा है कि इस तरह का यह देश का पहला एप है। एप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। एप में प्रिंटिंग तकनीक, पैकेजिंग डिजाइन, स्पेक्ट्रोडेन्सिटोमेट्री, टिकाऊ स्याही परीक्षण और औद्योगिक मानकों से जुड़े 401 विशेषज्ञों द्वारा तैयार बहुविकल्पीय प्रश्न शामिल किए हैं। विशेषता यह है कि प्रश्न हर बार अलग क्रम में सामने आते हैं, जिससे विद्यार्थियों को रटने के बजाय समझने में मदद मिलेगी। एप में लाइव वैश्विक लीडरबोर्ड की सुविधा भी दी गई है, जहां विद्यार्थी वास्तविक समय में अपनी रैंक और तकनीकी दक्षता की तुलना देशभर के अन्य विद्यार्थियों से कर सकेंगे।

**विद्यार्थियों को एक ही एप में अभ्यास करने और देशभर में अपनी रैंकिंग जांचने का मिलेगा मौका**

### 90 दिन की मेहनत और 14 दिन की परीक्षण प्रक्रिया

विद्यार्थियों की निजी जानकारी सुरक्षित रखने के लिए एप में विशेष डेटा सुरक्षा प्रणाली विकसित की गई है, जिसमें केवल प्रदर्शित नाम दिखाई देता है और ईमेल जैसी जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहती है। प्रो. अभिषेक ने बताया कि करीब 90 दिनों की मेहनत और 14 दिनों के परीक्षण के बाद यह एप तैयार किया गया। परीक्षण प्रक्रिया में विभाग के 27 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की टीम शामिल रही। विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी और विभागाध्यक्ष डॉ. पी. शशिकला के मार्गदर्शन में विकसित यह एप प्रिंटिंग और पैकेजिंग शिक्षा को अधिक व्यावहारिक और डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'RAJ EXPRESS'20 MAY.2026

# एमसीयूः असिस्टेंट प्रोफेसर ने बनाया शैक्षणिक प्रिंटिंग और पैकेजिंग ऐप

सुविधा

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी (एनएमटी) विभाग के नाम एक और शैक्षणिक उपलब्धि जुड़ गई है। विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक पांडेय द्वारा इन-हाउस विकसित किया गया विशेष शैक्षणिक मोबाइल एप्लिकेशन 'मास्टर प्रिंटपैक' आधिकारिक तौर पर गूगल प्ले स्टोर पर लाइव हो गया है। विभागाध्यक्ष डॉ. पी. शशिकला के मार्गदर्शन में तैयार इस ऐप को इंटरनेशनल एज रेटिंग कोएलिशन (आईएआरसी) ने भी प्रमाणित किया है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PEOPALS SAMACHAR'20 MAY.2026

एमसीयू के प्रोफेसर का 'प्रिंटिंग-पैकेजिंग' ऐप

# लाइव लीडरबोर्ड और हाई सिक्योरिटी फीचर्स से लैस 'मास्टर प्रिंटपैक' बनाया

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com



**भोपाल.** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक पांडेय ने प्रिंट पैक ऐप तैयार किया है। यह मोबाइल ऐप प्रिंटिंग और पैकेजिंग तकनीक जैसे विशेषज्ञ विषयों के लिए तैयार किया गया है। यह स्मार्ट पैकेजिंग और सस्टेनेबल इंक टेस्टिंग विषयों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म होगा। जो रैंडम शफलिंग लॉजिक के साथ विद्यार्थियों की समझ और दक्षता का परीक्षण करेगा। ऐप लाइव ग्लोबल लीडरबोर्ड है, जहां छात्र रीयल-टाइम में अपनी रैंकिंग देख सकते हैं, जिसे बनाने में करीब 90 दिनों की मेहनत लगी।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PATRIKA'20 MAY.2026

एमसीयू के असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक पाण्डेय ने किया है विकसित

# प्रिंटिंग-पैकेजिंग सिखाएगा 'मास्टर प्रिंटपैक'

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता व संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के न्यू मीडिया टेक्नोलाजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक पाण्डेय द्वारा विकसित विशेष शैक्षणिक मोबाइल एप 'मास्टर प्रिंटपैक' आधिकारिक रूप से गूगल प्ले स्टोर पर लाइव हो गया है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी और विभागाध्यक्ष डा. पी. शशिकला के मार्गदर्शन में तैयार इस एप को इंटरनेशनल एज रेटिंग कोएलिशन द्वारा भी प्रमाणित किया गया है।

यह एप प्रिंटिंग, पैकेजिंग, स्मार्ट पैकेजिंग और सतत इंक परीक्षण जैसे विषयों से जुड़े विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए एक उपयोगी मंच के रूप में कार्य करेगा। इसमें तकनीकी विषयों पर आधारित 401



असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक पाण्डेय।

चयनित वस्तुनिष्ठ प्रश्न शामिल किए गए हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपनी जानकारी व दक्षता का मूल्यांकन कर सकेंगे। 'मास्टर प्रिंटपैक' को देश का पहला ऐसा शैक्षणिक मूल्यांकन एप माना जा रहा है, जिसमें आधुनिक पैकेजिंग डिजाइन, स्पेक्ट्रोडेन्सिटोमेट्री और सतत इंक परीक्षण जैसे जटिल विषयों पर आधारित प्रश्नों के साथ विद्यार्थियों की रीयल-टाइम रैंकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। यह एप प्रिंटिंग और पैकेजिंग शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल नवाचार की नई पहल के रूप में देखा जा रहा है।

**एप की प्रमुख विशेषताएं:** एप में विद्यार्थियों के लिए लाइव रैंकिंग व्यवस्था है, जिससे वे आपस में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कर सकें। साथ ही विद्यार्थियों की जानकारी सुरक्षित रखने के लिए विशेष डेटा सुरक्षा प्रणाली भी विकसित की गई है, जिसमें केवल नाम प्रदर्शित होता है व ईमेल की जानकारी सुरक्षित रहती है। एप के नियमित संचालन और भविष्य में तकनीकी विस्तार को ध्यान में रखते हुए इसमें विज्ञापन प्रणाली भी जोड़ी गई है। इस एप को तैयार करने में लगभग 90 दिन लगे। लान्च से पहले विभाग के 27 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की टीम ने 14 दिन तक इसका परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान प्राप्त सुझावों के आधार पर एप के उपयोग और सुरक्षा संबंधी सुविधाओं को बेहतर बनाया गया।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAVDUNIYA'20 MAY.2026

# एमसीयू के अभिषेक पाण्डेय ने बनाया मोबाइल एप 'मास्टर प्रिंटपैक'

**देश का पहला शैक्षणिक प्रिंटिंग और पैकेजिंग ऐप**

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के नाम एक और शैक्षणिक उपलब्धि जुड़ गई है। विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक पांडेय द्वारा इन-हाउस विकसित किया गया विशेष शैक्षणिक मोबाइल एप्लिकेशन 'मास्टर प्रिंटपैक' आधिकारिक तौर पर गूगल प्ले स्टोर पर लाइव हो गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन, कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी और विभागाध्यक्ष डॉ. पी. शशिकला के मार्गदर्शन में तैयार इस ऐप को इंटरनेशनल एज रेटिंग कोएलिशन द्वारा भी प्रमाणित कर दिया गया है। यह मोबाइल एप्लिकेशन देश भर में प्रिंटिंग, पैकेजिंग, स्मार्ट पैकेजिंग और सस्टेनेबल इंक टेस्टिंग जैसे विषयों से जुड़े विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए एक व्यापक एजुकेशनल यूटिलिटी और बेंचमार्किंग प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा।



## 90 दिनों की मेहनत एवं 14 दिनों का कड़ा परीक्षण

इस ऐप को प्ले स्टोर पर जारी करने से पहले लगभग 90 दिनों तक का समय लगा। साथ ही न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के बी.टेक प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग के 27 छात्र-छात्राओं और विभाग के फैकल्टी मेंबर्स की एक टीम द्वारा 14 दिनों का 'क्लोज्ड टेस्टिंग' ऑडिट सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस दौरान मिले फीडबैक के आधार पर ऐप के यूजर इंटरफेस और प्राइवेसी फीचर्स को पूरी तरह रिफाइन किया गया।

**देश का पहला विशिष्ट शैक्षणिक प्रिंटिंग और पैकेजिंग ऐप :** वर्तमान में गूगल प्ले स्टोर पर प्रिंटिंग और पैकेजिंग क्षेत्र से जुड़े जो भी ऐप्स उपलब्ध हैं, वे या तो केवल औद्योगिक प्रदर्शनियों की जानकारी देने तक सीमित हैं या बेहद सामान्य ज्ञान पर आधारित हैं। 'मास्टर प्रिंटपैक' देश का पहला ऐसा शैक्षणिक और मूल्यांकन ऐप है, जिसमें स्पेक्ट्रोडेन्सिटोमेट्री, सस्टेनेबल इंक टेस्टिंग और आधुनिक पैकेजिंग

### ऐप की खास बातें

- 401 विशेषज्ञ-क्यूरेटेड एमसीक्यू : ऐप में प्रिंटिंग तकनीक, स्पेक्ट्रोडेन्सिटोमेट्री, पैकेजिंग रीडिजाइन और औद्योगिक मानकों पर आधारित 401 चुनिंदा वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का डेटाबेस शामिल है, जो रैंडम शफलिंग लॉजिक के साथ काम करता है।
- लाइव ग्लोबल लीडरबोर्ड : विद्यार्थी अपनी तकनीकी दक्षता को परखने के लिए रीयल-टाइम में एक-दूसरे के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।
- डेटा सुरक्षा और प्राइवेसी : सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए इसमें विद्यार्थियों की ईमेल आईडी को पूरी तरह सुरक्षित रखकर केवल डिस्प्ले नेम प्रदर्शित करने की आधुनिक व्यवस्था की गई है।
- गूगल एडमॉब इंटीग्रेशन : ऐप के सतत संचालन और भविष्य के तकनीकी अपग्रेडेशन के लिए इसे व्यावसायिक विज्ञापन प्रणाली से भी जोड़ा गया है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH JYOTI'20 MAY.2026

**देश का पहला विशिष्ट शैक्षणिक प्रिंटिंग और पैकेजिंग ऐप**

# एमसीयू के अभिषेक ने बनाया मोबाइल एप 'मास्टर प्रिंटपैक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि के असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक पांडेय द्वारा इन-हाउस विकसित किया गया विशेष शैक्षणिक मोबाइल एप्लिकेशन 'मास्टर प्रिंटपैक आधिकारिक तौर पर गूगल प्ले स्टोर पर लाइव हो गया है। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी और विभागाध्यक्ष डॉ. पी. शशिकला के मार्गदर्शन में तैयार इस ऐप को इंटरनेशनल एज रेटिंग कोएलिशन द्वारा भी प्रमाणित कर दिया गया है।



NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'HARIBHOOMI'20 MAY.2026